Headline: NSE looks at renewed push for SME listing	
Source: Business Standard (Hindi)	**Date:** 17 August 2015

एसएमई की सूचीबद्धता बढ़ाने की एनएसई की तैयारी

स्नेहा पडियत और
समी मोडक

देश के सबसे बड़े शेयर बाजार नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए शुरू किए गए अपने प्लेटफॉर्म एनएसई ईमर्ज पर सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी है। इस मामले में एनएसई अपने प्रतिद्वंद्वी बीएसई से काफी पीछे है। वर्ष 2012 में दोनों ही एक्सचेंजों ने एसएमई के लिए प्लेटफॉर्म की शुरुआत की थी। फिलहाल एनएसई के प्लेटफॉर्म में आठ कंपनियां सूचीबद्ध हैं जबकि बीएसई में सूचीबद्ध एसएमई की संख्या 100 से ज्यादा है।

सूत्रों के मुताबिक पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एसएमई सूचीबद्धता मसले पर नाराजगी जाहिर की थी। मामले से जुड़े दो लोगों ने कहा, 'हाल में बैठक हुई जहां सेबी और एनएसई के वरिष्ठ अधिकारियों ने एसएमई प्लेटफॉर्म की प्रगति के बारे में बात की। ऐसे में एनएसई पर दबाव बढ़ गया है।'

सेबी और सरकार दोनों ही एसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं ताकि छोटे और मझोले उद्यमों की वृद्धि सुनिश्चित की जा सके क्योंकि इस क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में एसएमई की हिस्सेदारी करीब 38 फीसदी है।

सेबी और सरकार दोनों ही एसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं ताकि छोटे और मझोले उद्यमों की वृद्धि सुनिश्चित की जा सके

एसएमई संबंधित योजनाओं पर बिज़नेस स्टैंडर्ड के सवालों के जवाब में एनएसई ने बताया, 'उम्मीद है कि एनएसई ईमर्ज में सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या समय के साथ बढ़ेगी लेकिन इसके लिए उचित संतुलन रखना पड़ेगा। फिलहाल करीब 24 कंपनियां ईमर्ज/ईमर्ज-आईटीपी पर सूचीबद्ध हैं और कम से कम 10 कंपनियां सूचीबद्ध होने के विभिन्न चरणों में हैं।' एसएमई क्षेत्र से जुड़े निवेश बैंकरों का कहना है कि इस वक्त एनएसई एसएमई क्षेत्र की ओर काफी ध्यान दे रहा है।

कीनोट कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक (निवेश बैंकिंग) उदय पाटिल ने कहा, 'एनएसई हमेशा से ही इस प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक कंपनियों को जोड़ने का इच्छुक रहा है। वे पूरे देश में फैले एसएमई के साथ मुलाकात कर रहे हैं और उन्हें सूचीबद्धता के लाभ बता रहे हैं।'

पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के समूह प्रबंध निदेशक महावीर लुणावत ने कहा, 'एनएसई ने अपने एसएमई प्लेटफॉर्म के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाई है। अब एक्सचेंज लोगों तक पहुंच रहा है।' एक्सचेंज ने मार्च, 2012 में अपने एसएमई प्लेटफॉर्म की शुरुआत की थी और सितंबर, 2012 में ही तेजो इंजीनियरिंग इस प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाली पहली कंपनी थी। अब तक करीब आठ कंपनियां आईपीओ के जरिये पूंजी जुटाने में कामयाब रही हैं।

एसएमई प्लेटफॉर्म तीन साल से कारोबार कर रही 25 करोड़ रुपये से कम चुकता पूंजी वाली कंपनियों के लिए है

एसएमई प्लेटफॉर्म तीन साल से कारोबार कर रही 25 करोड़ रुपये से कम चुकता पूंजी वाली कंपनियों के लिए है। इस प्लेटफॉर्म के लिए सेबी द्वारा तय किए गए विनियामकीय नियम सामान्य सूचीबद्धता के नियमों के मुकाबले काफी सरल हैं।